मीरजापुर पुलिस
प्रेस नोट
दिनांकः05.09.2023

थाना राजगढ़ क्षेत्रांतर्गत मोबाइल की दुकान मे हुई चोरी की घटना का अनावरण , 03 शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी की 19 अदद मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रानिक सामान बरामद —

थाना राजगढ़, जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 23.08.2023 को वादी सुनील कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी सेमरी सरसो थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात के विरूद्ध अपनी मोबाइल की दुकान में चोरी हो जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। उक्त तहरीर के आधार पर थाना राजगढ़ पर मु0अ0सं0-120/2023 धारा 380 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी।

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "अभिनंदन" द्वारा उक्त चोरी की घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में घटना के सफल अनावरण एवं घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी व बरामदगी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना राजगढ़ को निर्देश दिए गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः 05.09.2023 को थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा सुरागरसी-पतारसी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आयें घटना से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों 01. विराट उर्फ मुलायम बिन्द पुत्र शिवालाल बिन्द , 2.पवन कुमार पुत्र सरजू बिन्दु, 3.रामभवन बिन्दु पुत्र राजा राम बिन्द निवसीगण पैगापुर थाना चुनार जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से मु0अ0सं0-120/2023 धारा 380,411,457 भादवि से सम्बन्धित चोरी की 19 अदद मोबाइल फोन, 01 स्मार्ट वाँच, 01 अदद ईअर बर्ड व 01 अदद पावर बैंक बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है तथा चोरी की घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त मोटर साइकिल वाहन संख्याः UP 63 AY 8365 के वैध कागजात प्रस्तुत न करने पर अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया।

विवरण पूछताछ —

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में घटना को स्वीकार करते हुए बताया गया कि हम लोगो का एक गैंग/गिरोह है जो सुनियोजित ढंग से दिन में रेकी कर मोबाइल आदि की दुकान से मौका देख सेंध मार कर चोरी कर लेते है। कुछ दिनों पहले थाना अहरौरा क्षेत्र में भी चोरी की घटना को अंजाम दिये थे। चोरी के सामानों को बेच कर प्राप्त धनराशि को आपस में बांट लेते है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण —

1.विराट उर्फ मुलायम बिन्द पुत्र शिवालाल बिन्द निवसी पैगापुर थाना चुनार जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-22 वर्ष।
2.पवन कुमार पुत्र सरजू बिन्दु निवसी पैगापुर थाना चुनार जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-20 वर्ष।
3.रामभवन बिन्दु पुत्र राजा राम बिन्द निवसी पैगापुर थाना चुनार जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-19 वर्ष।

विवरण बरामदगी —

- चोरी हुआ (19 अदद मोबाइल फोन, 01 स्मार्ट वाँच, 01 अदद ईअर बर्ड व 01 अदद पावर बैंक)।
- मोटरसाइकिल वाहन संख्याः UP 63 AY 8365 (चोरी की घटना में प्रयुक्त)।
- जामा तलाशी से 1590 रू0 नगद बरामद।

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0सं0-120/2023 धारा 380,411,457 भादवि थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

प्रभारी निरीक्षक थाना राजगढ़ राणा प्रताप यादव मय पुलिस टीम।